“राजभाषा निगरानी पंजिका उचित प्रविष्टि”

दिनांक 15.05.2026 को भा.वा.अ.शि.प. मुख्यालय द्वारा ‘राजभाषा निगरानी पंजिका में उचित प्रविष्टि’ विषय पर भा.वा.अ.शि.प के सभी संस्थानों हेतु ऑनलाइन हिन्दी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में भा.वा.अ.शि.प. के संस्थानों के राजभाषा अधिकारियों तथा कर्मचारियों को राजभाषा निगरानी पंजिका में उचित रूप से आंकड़ों एवं जानकारी की प्रविष्टि संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में डॉ. गीता जोशी, सहायक महानिदेशक (मी. व वि.) ने प्रतिभागियों कों कार्यशाला की महत्ता के बारे में जागरूक करते हुए सभी को संबोधित किया। इसी क्रम में कार्यशाला को आगे बढ़ाते हुए श्री शंकर शर्मा, सहायक निदेशक (राजभाषा) ने व्यवहारिक रूप से राजभाषा निगरानी पंजिका के प्रारूप को स्क्रीन पर दर्शाते हुए विधिवत भरने संबंधी बिन्दुवार जानकारी सभी से साझा की। साथ ही, उन्होंने संसदीय राजभाषा निरीक्षण के दौरान उक्त दस्तावेज को समिति सम्मुख प्रस्तुत करने संबंधी जानकारी तथा निरीक्षण के दौरान जांच किए जाने वाले प्रमुख बिंदुओं के बारे में भी सभी को अवगत कराया।

कार्यशाला की कुछ झलकियां